an>

title: Regarding wild elephant menace in Giridih Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे अपने क्षेत्र का अति महत्वपूर्ण विÂषय रखने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। झारखंड प्रदेश के गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत जरीडीह प्रखंड, कसमार प्रखंड, पीरटांड़, नावाडीह में हाथियों का उत्पात काफी बढ़ गया है। ऐसा देखा गया है कि जान-माल की क्षति हुई है, फसल की भी क्षति हुई है। वन विभाग द्वारा कुछ मुआवजा दिया जाता है, लेकिन जो घर की क्षति होती है, उसका भवन निर्माण नहीं होता। मेरा आपसे आग्रह है कि भारत सरकार द्वारा इंदिरा आवास या प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत उनके आवास का निर्माण हो ताकि हमारे आदिवासी भाई और वन में रहने वाले लोगों को इसका लाभ मिल सके। मेरा आपसे यही निवेदन है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. SPEAKER:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Ravindra Kumar Pandey.